Bharat Temples

मेरी मईया बड़ी दयाल भक्तो

मेरी मईया बड़ी, दयाल भक्तो ll
आई होकर, सिंह पे सवार भक्तो,
वर देंगी दाती ll पल छिन में,
भर देंगी खुशियाँ, हर दिल में l

मईया का मंदिर, प्यारा है,
सबको लगता जो, न्यारा है,
नित शेर पे आती ll मस्ती में,
बाजे भी बजते, बस्ती में l

तेरा चोला रँग, रँगीला है,
मुख मण्डल खूब, सजीला है,
डाली है मुख पर ll लाली है,
माँ भरती झोलियाँ, खाली है l

जा रण में पहुंची, माँ काली,
दानव से भई, धरती खाली,
सँघार किया है ll दुष्टों का,
उद्धार किया है, भक्तों का l

जो माँ के, दर पे जाएगा,
मुँह मांगी, मुरादें पाएगा,

झोली भर खुशियाँ ll लाएगा,
वो चरणों की, रज़ पाएगा l
धुन- यह देश है वीर जवानो का
अपलोड करता- अनिल भोपाल बाघीओ वाले

Source: https://www.bharattemples.com/meri-maiya-badi-dayal-bhakto-aai-hokar-singh-pe-swaar-bhakto/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw